Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जिला भरतपुर के महिला एवं बाल विकास विभाग के सूरजपोल सैक्टर की महिला पर्यवेक्षक, आंगनवाडी कार्यकर्ता कारे का नगला सैन्टर भरतपुर, आंगनवाडी कार्यकर्ता डी ब्लॉक रंजीत नगर भरतपुर को प्रथम किश्त के रूप में 10,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 19 जून, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर के सूरजपोल सैक्टर की **महिला पर्यवेक्षक क्षमा दहिया, सुनीता मुदगल आंगनवाडी कार्यकर्ता,कारे का नगला सैन्टर भरतपुर, राजबाला आंगनवाडी कार्यकर्ता डी ब्लॉक रंजीत नगर भरतपुर** को प्रथम किश्त के रूप में **10,000/– रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादिया द्वारा अपनी नौकरी में परेशान न करने व रिश्वत नही देने पर नौकरी से निकालने की धमकी देकर आरोपीगण 50,000/– रूपयें रिश्वत की मांग कर परेशान कर रही है।

जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश मीना** के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपियान महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर के सूरजपोल सैक्टर की महिला पर्यवेक्षक क्षमा दहिया, सुनीता मुदगल आंगनवाडी कार्यकर्ता कारे का नगला सैन्टर भरतपुर, राजबाला आंगनवाडी कार्यकर्ता डी ब्लॉक रंजीत नगर भरतपुर को प्रथम किश्त के रूप में 10,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडा गया है।

एसीबी कि **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपीयों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हेल्पलाइन नंबर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94135–02834 पर 24X7 संपर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वेध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।